e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–सर्वे (प्रशिक्षण)–58 / 2018–Part-II.....– 2359

प्रेषक,

जय सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग,
झारखंड, राँची।

पटना, दिनांक :– 09-09-2022

विषय :– बिहार राज्य में चल रहे भूमि सर्वे कार्य एवं प्रक्रिया के अध्ययन हेतु झारखंड राज्य के पदाधिकारियों के भ्रमण कार्यक्रम की सहमति के संबंध में।

प्रसंग :– भवदीय पत्रांक– 575 दिनांक– 07.09.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि बिहार राज्य में भूमि सर्वे एवं प्रलेखीकरण (Documentation) के कार्य एवं प्रक्रियाओं के अध्ययन हेतु राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड द्वारा गठित टीम का दिनांक– 13.09.2022 को भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया जा सकता है। बिहार में भूमि सर्वे एवं प्रलेखीकरण का कार्य भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा किया जा रहा है। भ्रमण कार्यक्रम से संबंधित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के E-Mail ID- directorlrs@gmail.com अथवा श्री वीरेन्द्र कुमार, स०ब०प०, प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, मो० नं०–9430830042 के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना का कार्यालय वर्त्तमान में शास्त्रीनगर, पटना (बेली रोड, चिड़ियाखाना के नजदीक शास्त्रीनगर थाना वाली सड़क में) में अवस्थित है।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 9/9/22
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17–सर्वे (प्रशिक्षण)–58 / 2018–Part-II.....–2359..... **पटना, दिनांक** : 09-09-2022

प्रतिलिपि:– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / प्रभारी, आई०टी०सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 9/9/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–सर्वे (प्रशिक्षण)–58 / 2018–Part-II.....–2359..... **पटना, दिनांक** : 09-09-2022

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 9/9/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Survey-2022\Birendra kumar. Acs\director\file no - 58, 2018, Part-II, 08.09.2022.doc